संख्या-83/2022/16रासनि/23-1-22-75रासनि/20

प्रेषक,

राजेश प्रताप सिंह,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन ।

सेवा में,

प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-1 लखनऊ दिनांक:: 09 मार्च, 2022

विषय:- वित्तीय वर्ष 2021-22 में अनुदान सं0-58 लेखाशीर्षक-3054 के अन्तर्गत राज्य सड़क निधि से जनपद बस्ती के स्वीकृत चालू कार्य हेतु निर्गत शासनादेश में संशोधन ।

महोदय ,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्र सं0-7617सी/02रासनि(3054 आवंटन)मूल/21-22, दिनांक 2022.03.03 द्वारा अवगत कराया गया है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में राज्य सड़क निधि के अन्तर्गत अनुदान सं0-58 के लेखाशीर्षक 3054 मद में कार्यालय के पत्र दिनांक 07.06.2021 द्वारा प्रेषित मांग में सूची-अ के क्रमांक-90 पर अंकित कार्य का नाम टंकण त्रुटिवश "गनेशपुर दुबौला मार्ग" एवं मार्ग का कोड 76039 अंकित हो गया है। अत: उक्त विषयक निर्गत शासनादेश दिनांक 24.06.2021 की सूची-अ के क्रमांक-80 पर अंकित मार्ग के नाम में संशोधन करते हुए "गनेशपुर दुबौला मार्ग" के स्थान पर "गौर हलुआ बेलवरिया जंगल मार्ग" करने का अनुरोध किया गया है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश संख्या-144/2021/651रासनि/23-1-21-75रासनि/20, दिनांक 24.06.2021 की सूची-अ के क्रमांक-80 पर अंकित मार्ग का नाम "गनेशपुर दुबौला मार्ग(मार्ग यूनिक कोड 76039)" के स्थान पर "गौर हलुआ बेलवरिया जंगल मार्ग(मार्ग यूनिक कोड 76040)" पढ़ा व समझा जाय।

3- विषयगत शासनादेश संख्या-144/2021/651रासनि/23-1-21-75रासनि/20, दिनांक 24.06.2021 को उपर्युक्त सीमा तक संशोधित समझा जाय। उक्त शासनादेश की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

भवदीय,

(राजेश प्रताप सिंह)
अनु सचिव ।

संख्या व दिनांक तदैव ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2- जिलाधिकारी/कोषाधिकारी, संबंधित जनपद।
3- मुख्य अभियंता(मुख्यालय-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ ।
4- मुख्य अभियंता, संबंधित क्षेत्र, लोक निर्माण विभाग।
5- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
6- वेब मास्टर, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ ।
7- वेब अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
8- लोक निर्माण अनुभाग-10/वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8
9. नोडल अधिकारी(आनलाइन बजट एलॉटमेंट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
10. गार्ड फाइल

आज्ञा से,

(राजेश प्रताप सिंह)
अनु सचिव ।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।